दिल्ली में एम० ए० के लिए पत्राचार (कारेसपोंडेंस पाठ्यक्रम)

1787. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री यशपाल सिंह :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एम० ए० के लिए पत्राचार पाठ्यक्रम की योजना, जिसे दिल्ली विश्वविद्यालय का इस वर्ष से, आरम्भ करने का विचार था, के बारे में वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) इस योजना को कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है ?

शिक्षा मन्त्री (श्री० मु० क० चागला) : (क) डाक द्वारा पाठ्यक्रमों के निदेशालय की प्रबन्धक समिति ने 10 फरवरी, 1966 को हुई अपनी बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय किया कि विभिन्न कारणों से, विश्वविद्यालय में बी० ए० (पास) के अतिरिक्त अन्य किसी डिग्री के लिए डाक-द्वारा पाठ्यक्रम शुरू करना ठीक न होगा ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

दिल्ली में मिडिल स्कूल परीक्षा

1788. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री यशपाल सिंह :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पहले दिल्ली के कुछ पब्लिक स्कूलों को शिक्षा निदेशालय द्वारा कराई जाने वाली मिडिल स्कूल परीक्षा से छूट दी गई थी और उन्होंने उक्त परीक्षाओं की अपने आप व्यवस्था की थी और इस वर्ष भी उन्हें यह छूट दी जा रही है;

(ख) यदि हां, तो यह छूट देने का क्या कारण हैं; और

(ग) इन स्कूलों के नाम क्या हैं ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी हां ।

(ख) क्योंकि उन के विद्यमान स्तर सामान्य मिडिल स्कूल परीक्षा के स्तरों के समान ही समझे जाते हैं ।

(ग) (1) मार्डन स्कूल, नई दिल्ली, (2) सेन्ट्रल आई० ए० एफ० स्टेशन स्कूल, रेस कोर्स, नई दिल्ली ।

दिल्ली में कारों का पंजीयन

1789. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री यशपाल सिंह :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या गृह-कार्य मंत्री 1 दिसम्बर, 1965 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1674 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में कारों का जाली पंजीयन करने वाले गिरोह के बारे में की जा रही जांच अब पूरी हो गई है; और

(ख) यदि हां, तो उस का ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी हां ।

(ख) 8 मामलों का पता चला जिन में 5 आदमी गिरफ्तार किये गये हैं । मामलों की जांच पूरी कर ली गई है और जल्दी ही मामले न्यायालय को सौंप दिये जायेंगे ।

भारत में रहने वाले पाकिस्तानियों की नजरबन्दी

1790. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री यशपाल सिंह :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत में अवैध रूप से निवास कर रहे पाकिस्तानियों